हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, गुरुवार, 14 मार्च 2024

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

11 नायब सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर बांटी मिठाई

12 एथलेटिक्स में तमन्ना ने जीता स्वर्ण


## खबर संक्षेप

### फोन चोरी करने का आरोपित काबू

**सोनीपत।** शहर थाना पुलिस ने महलाना रोड स्थित दुकान से मोबाइल फोन चोरी करने की वारदता में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कुलदीप निवासी गांव भदाना का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी किए मोबाइल फोन बरामद किए है।गांव चटिया देवा निवासी अजीत ने गत 16 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने गढ़ी ब्राह्मण सोनीपत महलाना रोड पर श्री बाला जी मोबाइल केयर के नामसे दुकान कर रखी है। रात को किसी ने उसकी दुकान से छह मोबाइल फोन चोरी कर लिए।

### महिला की बालियां ठगने का आरोप

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के फैजबाजार स्थित दुकान संचालिका को झांसे में लेकर उसे सोने की बालियां चोरी करने के आरोप क मामला सामने आया है। दुकान पर पंडित की वेशभूषा में आए व्यक्ति व उसके साथी ने वारदात को अंजाम दिया है। फैजबाजार निवासी चंदकलां ने बताया कि उसने जगदीश हलवाई के सामने लव कंफैक्शनरी के नाम से दुकान रखी है। गत 8 मार्च को उसकी दुकान पर पंडित की वेशभूषा में आए। उसकी आयु करीब 65 साल के करीब थी। माथे पर उसने तिलक लगा रखा था। उसके साथ आया दूसरा व्यक्ति ने साधारण कपड़े पहन रखे थे। उन्होंने दुकान से सामान मांगा। उसने 500 रुपये दिए। जिसमें से 40 रुपये काटकर वापिस 460 रुपये दे दिए। उसके बाद पंडित की वेशभूषा में आए व्यक्ति ने उसे संभोति कर लिया। उसके कानों की सोने की बालियां उतारकर कागज में लपेटकर उसको दी। उसे बालियों को गल्ले में रख दिया। उसने मौके का फायदा उठाकर सोने की बालियां गल्ले से चोरी कर ली।

### मकान का ताला तोड़कर नकदी व आभूषण चोरी

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र से बंद कमरे का ताला तोड़कर आभूषण व नकदी सहित मोबाइल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। गांव घोसरमा बिहार हाल में कुंडली निवासी खुशबु ने बताया कि वह कमरे में 17 साल से रहते है। उसकी मां व खुद वह कंपनी में नौकरी करती है। सुबह दोनों डयूटी पर चले गए। उसका भाई कमरे पर ताला लगाकर बाहर खेलने के लिए चला गया। देर शाम जब वह वापिस घर आया तो ताला टूटा हुआ पाया। उसने मामले को लेकर सूचना दी। कमरे पर पहुंचने के बाद सामान की जांच की तो घर से सोने की चेन, कान के टॉपस, दस हजार रुपये की राशि सहित एक मोबाइल फोन गायब मिला। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# कालूपुर की मुख्य गली से दूषित पानी की निकासी न होने पर भड़के लोग, नारेबाजी





**सोनीपत।** निकासी को लेकर नारेबाजी करते कॉलोनीवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

कालूपुर की मुख्य गली में बुधवार को स्थानीय निवासियों ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। दूषित पानी की निकासी ना होने के कारण परेशान लोगों ने इस दौरान निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

### सप्ताह से जीना मुहाल

उनका आरोप था कि गली में एक सप्ताह से पानी भरने की समस्या बनी है। लोगों को दूषित पानी से पैदल निकलकर गुजरना पड़ रहा है। नगर निगम अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। क्षेत्रवासी कविता, बल्लू, मदन, सुनीता, दुर्गा व भतेरी ने बताया कि शीतला माता मंदिर वाली गली में भगत सिंह कॉलोनी व कालूपुर का पानी एकत्रित हो रहा है।

### इसलिए नहीं हो रही निकासी

पानी की निकासी के लिए कोई प्रबंध नहीं किया जा रहा है। निगम वार्ड के जनप्रतिनिधि ने कुछ लोगों के कहने पर पानी निकासी के लिए दो इंच के पाइप दबा रखे हैं। जिसकी वजह से पानी की निकासी ठप पड़ गई है। विद्यार्थियों, दिव्यांग लोगों व कॉलोनीवासियों को दूषित पानी से होकर गली से गुजरना पड रहा है। निगम प्रशासन को शिकायत करने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। निगम प्रशासन की अनदेखी का खामियाजा आम जन को भुगतना पड़ रहा है। लोगों को दूषित पानी भरने के कारण घरों में रहना मुश्किल हो रहा है। आसपास घरों में दुगंर्ध फैली हुई है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही उनकी समस्या का समाधान नहीं किया तो वह आंदोलन तेज करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि निकासी न होने के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है।

### मामला संज्ञान में, जल्द ठीक किया जाएगा

कालूपुर में पानी निकासी न होने का मामला संज्ञान में आया है। ठेका कर्मियों को भेजकर पानी की निकासी करा दी जाएगी। लोगों को भविष्य में परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए कदम उठाए जाएंगे।
प्रविंद्र कुमार, कनिष्ठ अभियंता, नगर निगम सोनीपत

# किसान महापंचायत: दिल्ली के लिए कूच करेंगे किसान


**गोहाना।** किसान महापंचायत में जाने की घोषणा करते किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

भाकियू चढूनी से जुड़े किसान आज दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली किसान महापंचायत में बढ़ चढकर भाग लेंगे। किसानों ने बुधवार को यह ऐलान गोहाना में आयोजित बैठक में किया।

### संगठनों की बैठक

यह बैठक सोनीपत रोड स्थित उपमंडलीय परिसर में चल रहे किसानों के धरना स्थल पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के जिलाध्यक्ष अशोक लठवाल ने की।

यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यवान नरवाल ने कहा कि 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसान महापंचायत होगी। महापंचायत में किसान फसलों के एमएसपी सहित किसानों की अन्य मांगों को लेकर विचारविमर्श करेंगे। इस महापंचायत में हरियाणा प्रदेश सहित, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदशों से किसान बढ़ चढकर भाग लेंगे। बैठक में युवा जिलाध्यक्ष विरेंद्र पहल, कथूरा खंड अध्यक्ष कृष्ण मलिक, जोगेंद्र कालीरमन, बिजेंद्र दलाल, पूर्व जिलाध्यक्ष रोहतास बैनीवाल, राजेश कुंडू, जयसिंह दहिया, विरेंद्र मलिक, रामकिशन मलिक, कदम डागर, आजाद पांचाल, चेयरमैन भगत सिंह और पं. रमेश सहित यूनियन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

शराब कारोबारी सुंदर मलिक हत्याकांड में अहम खुलासा

# सुंदर के दोस्त ने दी थी शूटरों को लोकेशन की जानकारी, रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नेशनल हाईवे पर मुरथल स्थित गुलशन ढाबे की पार्किंग में हमलावरों की गोलियों का शिकार हुए शराब कारोबारी सुंदर मलिक की हत्या में पुलिस ने उसके दोस्त को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोस्त हत्या के षड्यंत्र में शामिल था। गिरफ्तार आरोपी गांव कैलाना निवासी सन्नी उर्फ फौजी है।

### नौ दिन के रिमांड पर

पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर नौ दिन के रिमांड पर लिया है। आरोप है कि घटना से एक दिन पहले भी वह सुंदर मलिक के साथ था और उसने ही लोकेशन की जानकारी हमलावरों को दी थी। मूलरूप से गांव सरगथल फिलहाल पटेल नगर निवासी शराब कारोबारी सुंदर मलिक उर्फ सुंदरा (36) शनिवार रात करीब दस बजे गुलशन ढाबा की पार्किंग में अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर आया था। वह रात को गाड़ी में ही सो गया था। रविवार सुबह साढ़े आठ बजे होंडा अमेज कार में साथी संग आए दो युवकों ने पार्किंग में ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर सुंदर की हत्या कर दी थी। सुंदर मलिक उर्फ सुंदरा कुख्यात नीतू दाबोदिया गैंग का शार्प शूटर रहा है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त की गई कार को खेवड़ा-झुंडपुर रोड पर लावारिस हालत में बरामद किया था। वह दिल्ली से चोरी की गई थी। पुलिस की नौ टीमें मामले की जांच कर रही है।



■ कैलाना का सन्नी उर्फ फौजी घटना के एक दिन पहले सुंदर के साथ था

### जांच का दायरा बढ़ाया तो गहराया शक

पुलिस ने मामले में जांच का दायरा बढ़ाया तो सुंदर के दोस्त गांव कैलाना निवासी सन्नी फौगाट उर्फ फौजी पर शक गहरा गया। उसे कुराड़ मोड़ से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में पता लगा कि सन्नी शनिवार को सुंदर मलिक के साथ था। उसने रात को उसकी गाड़ी में जीपीएस रख दिया था। जिसकी लोकेशन हमलावरों को दे दी थी। बाद में वह बहाना बनाकर वहां से चला गया था। उसका इंतजार कर सुंदर गाड़ी में ही सो गया था। जिसके बाद हमलावरों ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने उसे नौ दिन के रिमांड पर लिया है।

### आरोपित का आपराधिक रिकार्ड

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। उस पर अवैध शस्त्र अधिनियम, फरीदाबाद में रंगदारी मांगने, दिल्ली के महरौली में हत्या व हत्या की कोशिश तथा दिल्ली के नेब सराय में लूट का मुकदमा दर्ज है।

# भाइयों में बीच-बचाव करना पड़ा महंगा, मार दी गोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

गांव मुंडलाना में दो सगे भाई झगड़ रहे थे। जब उनमें विवाद अधिक बढ़ा तो ताऊ का लडका उनको छोड़वाने के लिए मौके पर पहुंच गया। इसी दौरान एक भाई ने पिस्तौल निकाल कर उसे गोली मार दी। कूल्हे में गोली लगने से वह घायल हो गया। उसे नागरिक अस्पताल गोहाना से बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर किया गया। सदर थाना में मामला दर्ज किया गया।

**ये था मामला:** सतबीर ने पुलिस को बताया कि वे पंचायत समिति के सदस्य हैं। उनके मकान के साथ उसके चाचा का मकान है। उसके चचेरे भाई सुभाष व सुरेंद्र खेती करते हैं। मंगलवार को वह घर पर था और उसके चचेरे भाई झगड़ा कर रहे थे। वह भी आवाज सुनकर उनके घर चला गया, लेकिन तब तक झगड़ा काफी बढ़ चुका था। वह आगे आकर उनको छोड़वाने लगा। इसी दौरान सुभाष ने पिस्तौल निकाली और तैश में आकर उस पर गोली चला दी। उसके कूल्हे में गोली लगने से वह घायल हो गया। उसका बेटा मौके पर आया और उसे नागरिक अस्पताल गोहाना लेकर गया।

वहां से उनको बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। सतबीर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया।




■ घायल मेडिकल कॉलेज रेफर, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच की शुरू

# जौली में गोसेवकों ने घायल सांड की जान बचाई


**गोहाना।** सांड को अस्पताल लेकर पहुंचे गोसेवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

गांव जौली में एक सांड के पैर में चोट लग गई। सांड का उपचार करने के लिए टीम सोनीपत भूरा और गोहाना से गो सेवा दल की टीमें पहुंची। गोसेवकों द्वारा सांड का उपचार किया गया। ये टीमें वन्य प्राणियों की सेवा को समर्पित हैं।

जौली गांव के नवीन जिंदल के अनुसार कई दिन पहले गांव में एक सांड के अगले पैर में चोट लग गई थी। पैर में चोट लगने से सांड चलने-फिरने में असमर्थ हो गया। घायल सांड का उपचार करवान के लिए नवीन द्वारा टीम सोनीपत भूरा और गो सेवा दल गोहाना से सम्पर्क किया गया। इसके बाद टीम सोनीपत भूरा और गोहाना से संदीप, जोनी, टोनी और अतुल के अलावा दीपक, रोहित, मोहित और सोहित चहल सांड का उपचार करने पहुंचे। गोसेवकों द्वारा सांड के पैर में तीन पट्टियां की। अब सांड पूर्णतः स्वस्थ है।

# वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को कुचला, मौत

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में गढमिंकपुर के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने मोटरसाइकिल सवार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

बागपत उत्तर प्रदेश निवासी रामेश्वर ने बताया कि वह निजी कंपनी में नौकरी करता है। उसका बेटा प्रमोद (28) बहालगढ़ में नौकरी करता है। गत 12 मार्च को अपनी डयूटी खत्म करके बाइक पर सवार होकर जवाहर नगर बागपत आ रहा था। वह गांव गढमिंकपुर के पास पहुंचा। उसी दौरान एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# रात्रि भत्ता समय पर देने और ओवरटाइम की मांग को लेकर रोडवेजकर्मियों ने बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ यूनियन कार्यालय में नए कर्मचारियों का स्वागत, सदस्यता की ग्रहण

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन कार्यालय में बुधवार को बैठक बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता डिपो प्रधान नवीन राणा ने की, जबकि संचालन डिपो के उप प्रधान संजय कुमार ने किया। बैठक का उद्देश्य कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा करना रहा। कर्मचारी नेताओं ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर मांग पत्र तैयार किया। जिसे अधिकारियों को सौंपा जाएगा। इस दौरान कई कर्मचारियों ने यूनियन की सदस्यता ग्रहण की।


**सोनीपत।** सदस्यता ग्रहण करते हुए कर्मचारी।

डिपो प्रधान नवीन राणा ने बताया कि यूनियन कार्यालय में डिपो कमेटी की तरफ से बैठक आयोजित की गई। पदाधिकारियों व कार्यकताअरं ने मांग पत्र तैयार किया है। जिसमें मुख्य मांग कर्मचारियों का समय पर ओवर टाइम दिया जाए व रात्रि भत्ता समय पर दिया जाए सहित अन्य मांगे शामिल की गई हैं। इस दौरान डिपो सचिव महेंद्र सैनी ने कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर नवनियुक्त महाप्रबंधक से खुला दरबार लगाए जाने की भी मांग की।

बैठक के दौरान अमित मलिक, अजय सैनी, यशवीर सैनी, दिलबाग मलिक, राजीव कुमार, विनोद शर्मा, कप्तान पांचाल, सुरेश शेखपुरा, संजीत ग्रेवाल, मुकेश मलिक, योगेंद्र मोहन शर्मा, महावीर गोरड़, राकेश रिवाड़ा व दिलबाग सिंह ने हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के प्रति आस्था जताते हुए यूनियन की सदस्यता ग्रहण की। डिपो कमेटी व राज्य कमेटी के पदाधिकारियों ने सदस्यता ग्रहण करने वाले कर्मचारियों का माला पहनाई।

एचसीएस श्वेता ने खरखौदा में कार्यभार संभाला

# सीएम घोषणाओं को पूरा करने में कोताही सहन नहीं की जाएगी : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

एचसीएस श्वेता सुहाग ने खरखौदा के उपमंडल अधिकारी नागरिक एसडीएम का पदभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। खरखौदा शहर की पानी निकासी की दिशा में व्यापक कदम उठाए जाएंगे। नगरपालिका क्षेत्र में नालों की सफाई, कूड़ा उठान का कार्य, गलियों का निर्माण व अन्य विकास के कार्य प्राथमिकता के तौर पर कराए जाएंगे। सीएम घोषणाओं पर अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम श्वेता सुहाग खरखौदा में दूसरी बार आई है। इससे पहले वे खरखौदा में एसडीएम के रूप में कार्य कर चुकी है। क्षेत्र की समस्याओं से वह भली-भांति परिचित है। यहां पर विकास कार्य कराने का अनुभव है।


**खरखौदा।** एसडीएम श्वेता सुहाग का स्वागत करते संस्थाओं के पदाधिकारी।

**समाज सेवी संस्थाओं ने किया एसडीएम का स्वागत:** बुधवार को समाज सेवी संगठनों और स्वयं सेवी संगठनों ने खरखौदा में एसडीएम का पदभार संभालने वाली एचसीएच श्वेता सुहाग का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर अंकित दहिया ने कहा कि एसडीएम श्वेता सुहाग खरखौदा में पहले भी एसडीएम के पद पर रह चुकी हैं।

स्थानांतरण के बाद भी वे क्षेत्र के सामाजिक पहलुओं से जुड़ी रही। इसी कड़ी में पर्वतरोही नीतीश मटिंडू को पर्वतारोहण के क्षेत्र मिली सफलता के क्षेत्र में श्वेता सुहाग का अहम योगदान रहा। जिन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए अनेक कार्यों में योगदान दिया है। खरखौदा शहर में सावित्री बाई फुले चौक पर महिला पार्क बनवाने व वहां पर महिलाओं के लिए ओपन जिम लगवाने का कार्य भी किया था।





डॉक्टर्स सजेशन

**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब चेहरे पर नजर आए डलनेस



**मेरी उम्र 33 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे चेहरे की चमक डल होती जा रही है। ऐसा क्यों हो रहा है? डाइट में क्या-क्या शामिल करूं, जिससे चेहरे की डलनेस कम हो? कृपया सजेस्ट करें?**

**-रंजीत, रोहतक**

आप अपनी डाइट में न्यूट्रिशियस फूड आइटम्स शामिल करें। साथ ही नियमित रूप में मौसमी फलों का सेवन भी जरूर करें। दोपहर के खाने में सलाद और दही जरूर लें। अपनी डाइट में फाइबर्स अधिक शामिल करें। इस तरह कुछ समय तक न्यूट्रिशियस डाइट लेने से चेहरे पर चमक वापस आ जाएगी।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। मुझे हल्का डायबिटीज है। क्या मुझे बिल्कुल मीठा नहीं लेना चाहिए या फल ले सकता हूं? लोगों के सुझाव ने भ्रमित कर दिया है, कृपया मेरी समस्या का समाधान करें।**

**-भवेश, रायपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपको हल्की डायबिटीज है, इसलिए आप खान-पान में खास सावधानी बरतें, ताकि डायबिटीज ज्यादा ना बढ़े। खाने में आलू और चावल का सेवन कम से कम मात्रा में करें। फल में आप सेब खा सकते हैं। बहुत ज्यादा मीठे फल ना खाएं। अपना शुगर लेवल चेक करते रहें, साथ ही नियमित रूप में सुबह-शाम आप सैर जरूर करें। इससे डायबिटीज कंट्रोल में रहेगी।

**मेरी उम्र 52 वर्ष है। ग्रीन टी पीने के कई फायदे सुनता-पढ़ता हूं। क्या सामान्य चाय के बजाय इसे पीना फायदेमंद है? यह भी बताएं कि ग्रीन टी दिन में कितनी बार पी सकते हैं?**

**-दिलजीत, भोपाल**

जी बिल्कुल, सामान्य दूध वाली चाय के मुकाबले ग्रीन टी पीना फायदेमंद होता है। यह स्वास्थ्य के लिए कई तरह से लाभदायक है, इसके सेवन से ताजगी बढ़ती है, पाचन क्रिया भी दुरुस्त रहती है। इसलिए आप ग्रीन टी पी सकते हैं। एक दिन में दो से तीन बार ग्रीन टी पीना लाभदायक रहेगा।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। मुझे डिनर के बाद मीठा खाने का मन करता है। डिनर में डेजर्ट्स में क्या ले सकता हूं, जिससे वजन ना बढ़े और जो हेल्दी भी हो?**

**-आकाश, जबलपुर**

आप रात में अगर डिनर के बाद शुगर से बनी कोई स्वीट डिश या किसी तरह की मिठाई खाएंगे तो निश्चित रूप में आपका वजन बढ़ेगा। बाजार में ड्राई फ्रूट्स से बनी बहुत सारी मिठाइयां उपलब्ध रहती हैं। आप सामान्य मिठाई के बजाय उनका सेवन कर सकते हैं। इस तरह आप स्वीट डिश खा सकते हैं और आपका वजन भी नहीं बढ़ेगा।

**मेरी उम्र 59 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पैर के पंजे में सूजन दिख रही है। ऐसा क्यों हो रहा है, यह किसी गंभीर बीमारी के लक्षण तो नहीं, मुझे क्या करना चाहिए?**

**-हरकिशन, बिलासपुर**

आपकी समस्या सुनकर लग रहा है कि आपको तुरंत शुगर की जांच करवानी चाहिए। क्योंकि शुगर बढ़ने पर पैरों में सूजन देखी जाती है। आप जनरल फिजिशियन से संपर्क करें। वह जांच करेंगे। अगर रिपोर्ट नॉर्मल आती है तो डॉक्टर और भी कुछ जांच करवाएंगे, जिससे सूजन का कारण पता चलेगा और उसका उपचार हो सकेगा।

**मेरी उम्र 57 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरी सूंघने की क्षमता बहुत कम हो गई है। मुझ सर्दी और जुकाम नहीं है। ऐसा क्यों हो रहा है, मुझे किस डॉक्टर से ट्रीटमेंट करवाना चाहिए?**

**-धर्मेंद्र, महेंद्रगढ़**

हालांकि मौसम बदलने के दौरान इस तरह की शिकायत काफी लोगों में देखी जाती है, लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि आपकी सूंघने की क्षमता कमजोर हो रही है तो बेहतर होगा कि एक बार आप जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लें। वे कुछ टेस्ट्स करवाएंगे और उस आधार पर आगे आपका ट्रीटमेंट करेंगे। वैसे अभी ऐसी चिंता की कोई बात नहीं लग रही है। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**



स्पेशलः वर्ल्ड किडनी डे

डॉक्टर्स एडवाइस

गलत लाइफस्टाइल, डाइट हैबिट या अन्य कुछ बीमारियों की वजह से किडनी डिजीज के केसेस अब काफी बढ़ने लगे हैं। किडनी फंक्शन सही ना रहने से कई तरह की शारीरिक समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में यह बहुत जरूरी है कि किडनी संबंधी रोगों के कारण, इसके लक्षण और इससे बचाव के तरीकों के बारे में आप जानें। आपके लिए एक्सपर्ट डॉक्टर्स के सजेशंस।

## किडनी डिजीज को लेकर ना बरतें जरा भी लापरवाही





किडनी इंसानी शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। किडनी रोगों की वजह से हर साल बड़ी संख्या में लोग अपनी जान गंवा देते हैं, वहीं दूसरी तरफ किडनी फेलियर के बढ़ते मामलों के कारण किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत भी तेजी से बढ़ती ही जा रही है। इसीलिए इस महत्वपूर्ण अंग के महत्व को समझाने और इसकी केयर के प्रति अवेयर करने के लिए हर साल मार्च के महीने में दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड किडनी डे मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य, किडनी के शरीर में उल्लेखनीय कार्यों और महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ाना है।

### किडनी रोग के कारण-लक्षण

किडनी में तरह-तरह के रोग होने के कारण और लक्षण क्या-क्या होते हैं, इस बारे में पूछने पर धर्मशिला नारायणा सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में डायरेक्ट एंड सीनियर कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजी **डॉ. एल.के. झा** बताते हैं, 'किडनी के रोगग्रस्त होने के लक्षण हैं- बार-बार यूरिन आना, यूरिन पास करते समय दर्द या तेज जलन होना, यूरिन के साथ ब्लड आना, घुटनों, पैरों और अंगुलियों में सूजन होना, आंखों के आस-पास सूजन होना, कुछ भी खाने की इच्छा ना होना, शरीर की मांसपेशियों में दर्द महसूस होना आदि। जहां तक इसके कारणों का सवाल है तो घुटनों, पैरों और अंगुलियों में सूजन की वजह शरीर में प्यूरिन की मात्रा बढ़ना होता है। इस वजह से शरीर में यूरिक एसिड का लेवल भी बढ़ जाता है। इससे किडनी, यूरिक एसिड को फिल्टर करने में असमर्थ होने लगती है। अन्य कारणों में यूटीआई होना, किडनी स्टोन होना, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, पुरुषों में बढ़ा हुआ प्रोस्टेट, महिलाओं में गर्भावस्था, किसी दवा या बीमारी के कारण शरीर की इम्यूनिटी का कमजोर हो जाना और खराब लाइफस्टाइल आदि किडनी रोगों के कारण हो सकते हैं। ऐसे में आपको किडनी रोगों के लक्षणों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और बचाव के उपायों को अपनाना चाहिए।'

### किडनी रोगों से बचाव के तरीके



किडनी रोगों से बचाव कैसा किया जा सकता है, इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में चीफ एंड सीनियर कंसल्टेंट-नेफ्रोलॉजी **डॉ. राजेश अग्रवाल** बताते हैं, 'किडनी रोगों से बचाव के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है, जैसे- पेन किलर कम से कम लें, बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए पेन किलर ना लें, मोटापे पर कंट्रोल करें, किडनी की समस्या से संबंधित अगर कोई फैमिली हिस्ट्री है तो समय-समय पर किडनी फंक्शन टेस्ट (केएफटी) करवाते रहें। साथ ही डॉक्टर से समय-समय पर परामर्श लेते रहें। शरीर को अधिक से अधिक मात्रा में हाइड्रेट रखने से किडनी को टॉक्सिंस निकालने में सहायता मिलती है, इसलिए दिन भर में आपको दो से तीन लीटर पानी जरूर पीना चाहिए। अधिक मात्रा में प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का और प्रोटीन सप्लीमेंट्स का सेवन ना करें, ऐसा करने से आपकी किडनी पर दबाव पड़ता है और उसकी कार्य प्रणाली प्रभावित होती है। धूम्रपान और शराब का सेवन भी किडनी की क्रियाशीलता पर विपरीत प्रभाव डालता है। इसलिए किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें।'

### इन बातों का भी रखें ध्यान

किडनी रोगों से बचाव पर ही बात करते हुए नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में डायरेक्टर एंड सीनियर कंसल्टेंट-नेफ्रोलॉजी **डॉ. सुदीप सिंह सचदेव** कहते हैं, 'डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों को किडनी रोगों से बचाव के लिए अपने शरीर में ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की नियमित निगरानी रखनी चाहिए। दर्द निवारक दवाइयों का अधिक सेवन भी किडनी पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, इसलिए इससे भी बचना चाहिए। साथ ही किडनी में किसी भी तरह की समस्या महसूस होने पर नेफ्रोलॉजिस्ट डॉक्टर से संपर्क करने में देर नहीं करना चाहिए।'

### डायबिटीज-हाई बीपी से गहरा संबंध



क्रॉनिक किडनी रोग का डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के साथ गहरा संबंध है। वर्ल्ड किडनी डे, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर वाले रोगियों की क्रॉनिक किडनी रोग के प्रति जरूरी जांच को भी प्रोत्साहित करता है। इस दिन को मनाने का प्रयास यह रहता है कि अधिक से अधिक लोग किडनी की हेल्थ के बारे में जागरूक रहें। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

उपयोगी औषधि

## किडनी रोगों में कारगर है गोखरू



गोखरू या गोक्षुर एक छोटा सा क्षुप (झाड़ीनुमा पौधा) है। यह जमीन पर फैलता है और जब मानसूनी बारिश होती है, यह अपने आप उग आता है। यह एक जड़ी-बूटी है। आयुर्वेद में इसका इस्तेमाल वात, पित्त और कफ को नियंत्रित करने के लिए रामबाण के तौर पर किया जाता है। गोखरू का फल, पत्ता और तना यानी इसके करीब-करीब सभी हिस्से जबरदस्त आयुर्वेदिक औषधि का भंडार होते हैं। इस पौधे की ऊंचाई कम होती है, इसलिए इसमें कई टेढ़े-मेढ़े तने निकले होते हैं। ये ऐसे भू-भाग में उगते हैं, जहां खूब झाड़ियां होती हैं।

क्षुप के बीज को गोखरू कहते हैं और इन्हें बाजार में इसी नाम से खरीदा जा सकता है। इसका वैज्ञानिक नाम ट्रिबुलस टेरेस्ट्रिस है। गोखरू का तरह-तरह की बीमारियों में सदियों से इस्तेमाल होता रहा है। गोखरू, आयुर्वेदिक दवाइयों का महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं, इसलिए ये बाजार में काफी महंगे भी बिकते हैं। गोखरू के औषधीय सेवन से महिला और पुरुषों में बांझपन की समस्या दूर होती है। इस औषधि में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। जिनमें क्वेरसेटन, केंफेरोल, सैपोनिन, सोडियम, पोटैशियम मुख्य रूप से शामिल होते हैं। इसके अलावा विटामिन ए, कैल्शियम और आयरन का भी यह अच्छा स्रोत है। गोखरू सीने में दर्द, एग्जिमा और बढ़े हुए प्रोस्टेट ग्लैंड के इलाज में भी कारगर है। इन तमाम वजहों के चलते इसे हेल्दी हर्ब में शुमार किया जाता है। मूत्र संबंधी रोगों और किडनी संबंधी रोगों में इसका औषधीय सेवन बहुत कारगर होता है। आयुर्वेद के अनुसार गोखरू में पोटैशियम और नाइट्रेट की मात्रा काफी अधिक होती है और इसमें मूत्रवर्धक गुण भी पाए जाते हैं। यह किडनी की पथरी को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़कर उन्हें मूत्र मार्ग से बाहर निकालने में मदद करता है। इस तरह से देखा जाए तो गोखरू का नियमित सेवन किडनी की पथरी और किडनी से जुड़ी अन्य बीमारियों में बहुत फायदेमंद है। आयुर्वेद के दशमूल नामक दस औषधियों का जो समूह है, उसमें एक प्रमुख औषधि के रूप में गोखरू की भी मौजूदगी है। इसका इस्तेमाल क्वाथ और चूर्ण के रूप में किया जाता है। यह प्रोटीन से भरपूर जड़ी बूटी है। औषधीय इस्तेमाल के अलावा गोखरू का इस्तेमाल सौंदर्य सामग्री के रूप में भी किया जाता है और इसे स्वादिष्ट व्यंजन के रूप में भी बनाकर खाया जाता है।

ध्यान रहे, किसी भी रूप में इसका इस्तेमाल अपने आप नहीं करना चाहिए। हमेशा इसे किसी योग्य-अनुभवी आयुर्वेदाचार्य या वैद्य की सलाह पर ही सेवन किया जाना चाहिए वरना इससे कई समस्याएं भी हो सकती हैं। *

**-रेखा देशराज**

फिटनेस सीक्रेट / राहुल जेठवा

## मेरे लिए फुटबॉल खेलना जीने का एक तरीका है





आजकल की बिजी वर्कस्टाइल में तंदुरुस्ती पर ध्यान देना, उसे बनाए रखना महत्वपूर्ण है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए फिजिकल एक्टिविटी वाला कोई खेल खेलना जरूरी है। खेलों से हमारी शारीरिक गतिविधि बढ़ती है, साथ ही इससे मन का तनाव दूर होता है, मजा आता है और सामाजिक जुड़ाव बनता है। एंडटीवी के सीरियल 'अटल' में अवध बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभा रहे राहुल जेठवा भी स्वस्थ शरीर और जीवनशैली में खेलों की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हैं। अपने पसंदीदा खेल और तंदुरुस्ती के लिए इसके शारीरिक और मानसिक लाभ के बारे में राहुल बताते हैं, 'मेरा सबसे पसंदीदा खेल फुटबॉल है। मेरे लिए फुटबॉल सिर्फ एक खेल नहीं है, बल्कि जीने का एक तरीका है। यह मुझे स्थिर रखता है और ऊर्जा से भर देता है। इसे चाहे बीच पर मस्ती के लिए खेलूं या मैदान पर दोस्तों के साथ। फुटबॉल खेलने के कारण मैं दिनभर सक्रिय रहता हूं, इससे शरीर लचीला बनता है और मेरा स्टेमिना बढ़ता है। आज के दौर में दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोग स्मार्टफोन, टैब या टीवी स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताते हैं, इनएक्टिव बने रहते हैं, इससे आलस से भर जाते हैं। ऐसे में बॉल का पीछा करने का रोमांच सबसे बढ़िया होता है। इसका मतलब सिर्फ मैच जीतने से नहीं है; यह अच्छी हेल्थ और आपसी बॉन्डिंग को बढ़ावा देकर जिंदगी में जीतना सिखाता है। फुटबॉल में टीम के साथ काम करने से दोस्ती निभाने की प्रेरणा मिलती है। हर किक और दौड़ मुझे जोश से भर देती है। मुझे पता रहता है कि यह मैं अपने शरीर और दिमाग की सेहत के लिए कर रहा हूं। इससे याद रहता है कि जिंदगी की सबसे बड़ी जीत सक्रिय रहने, आउटडोर जाने, हंसी-मजाक और दोस्ती के साथ खूबसूरत पल संजोने में है।' *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

अवेयरनेस

एक समय तक बुजुर्गों में ही हृदय से जुड़े रोग हुआ करते थे। लेकिन हाल के वर्षों में यंगस्टर्स में भी हृदय से जुड़ी समस्याएं देखी जा रही हैं। युवाओं को ये समस्याएं क्यों हो रही हैं और इससे कैसे बचाव किया जा सकता है, आप जरूर जानना चाहेंगे।

## यंगस्टर्स में बढ़ रहा हार्ट डिजीज का रिस्क



भारत में विभिन्न बीमारियों से होने वाली मौतों में लगभग एक तिहाई मौतें हृदय रोगों की वजह से होती हैं। पश्चिमी देशों के मुकाबले भारतीयों को अपनी सामान्य आयु या कहें वृद्धावस्था से दस साल पहले हृदय रोग प्रभावित करने लगते हैं। हाई कोलेस्ट्रॉल इस समस्या कारण है, जिससे हृदय रोगों और उससे जुड़ी बीमारियों के होने का खतरा बढ़ रहा है। बता दें कि एथेरोस्क्लोरोटिक कार्डियोवैस्कुलर डिजीज (एएससीवीडी) एक दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्या है, जहां धमनियों में कोलेस्ट्रॉल जमता है, जिससे प्लाक का निर्माण होने लगता है। इसकी वजह से हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। जीवनशैली में आए बदलावों और अन्य कारणों से अब युवाओं को भी इसका खतरा बढ़ रहा है।

### यंगस्टर्स रखें हार्ट हेल्थ का खयाल



सेहतमंद जीवन के लिए युवाओं को कोलेस्ट्रॉल की भूमिका और उसे नियंत्रित करने के बारे में जानना जरूरी है। खासकर बैड कोलेस्ट्रॉल यानी लो-डेंसिटी लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल-सी) के बारे में। इसलिए, युवाओं में जागरूकता फैलना सबसे ज्यादा जरूरी है। इस बारे में सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली के सीनियर कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट **डॉ. अश्विनी मेहता** बताते हैं, 'मैं हृदय रोगों से जुड़े खतरों के बारे में जल्द पता लगाने के लिए नियमित रूप से जांच करवाने की सलाह देता हूं, खासकर युवाओं को। इसका नियंत्रण जागरूकता और नियमित जांच से ही संभव हो सकता है। इससे वे खुद अपने दिल की सेहत का ख्याल रख सकते हैं। एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए युवाओं को सक्रिय रहना चाहिए, नियमित जांच करवाना और तनाव नहीं लेना चाहिए। इसके अलावा युवाओं के लिए यह बेहद जरूरी है कि वे परिवार के सदस्यों में हृदय रोगों या उससे जुड़ी परेशानियों का भी ध्यान रखें। एएससीवीडी के खतरे के लिए आनुवंशिकता की अहम भूमिका होती है, इसके लिए समय पर उपचार जरूरी है। फैमिली हिस्ट्री को समझकर और उनका हल निकालकर, युवा जीवनशैली में बदलाव को अच्छी तरह अपना पाएंगे। इससे संभावित खतरों को नियंत्रित रखने में मदद मिल सकती है। नियमित जांच और डॉक्टरों से परामर्श लेते रहने से सेहतमंद हृदय के लिए व्यक्तिगत रूप से उपचार की रणनीति तय कर पाएंगे।'

### इन बातों पर करें अमल

युवाओं को एएससीवीडी को नियंत्रित करने और हार्ट हेल्थ के लिए कुछ बातें ध्यान में जरूर रखना चाहिए।

**कोलेस्ट्रॉल की जांचः** कोलेस्ट्रॉल की नियमित जांच से यंगस्टर्स अपनी हार्ट हेल्थ का ख्याल रख सकते हैं। इससे कोलेस्ट्रॉल के स्तर के बारे में पता चलता रहता है।

**संतुलित भोजन लेंः** अपनी डाइट का ध्यान रखना भी जरूरी है। संतुलित आहार लें, बहुत ऑयली-स्पाइसी और जंक फूड्स से परहेज करना जरूरी है।

**रेग्युलर एक्सरसाइज करेंः** हार्ट हेल्थ के लिए रेग्युलर एक्सरसाइज करना बहुत फायदेमंद होता है। व्यायाम करने से वेट मेंटेन रहता है, बीपी कंट्रोल रहता है। *

**-सेहत फीचर्स**

डाइट

राजकुमार दिनकर

वैसे तो सभी फल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। सभी में कोई ना कोई विशेष गुण होता है, लेकिन विशेष रूप से काले रंग के फल विटामिंस, एंटीबैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। ऐसे ही कुछ काले फलों के बारे में जानिए।

## स्वास्थ्य के लिए लाभकारी काले फल



आमतौर पर रंग-बिरंगे फल-सब्जियों के गुणों के बारे में खूब चर्चा होती है। लेकिन कुछ ऐसे फल भी हैं, जो देखने में काले रंग के होते हैं, लेकिन पौष्टिकता और शरीर की इम्यूनिटी के लिए ये काले रंग वाले फल किसी वरदान से कम नहीं होते हैं।

**काला सेब :** काला सेब को ब्लैक डायमंड एप्पल भी कहा जाता है। सेहत के लिए इसे वाकई हीरा कहें तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं है। क्योंकि काले सेब में हीरे से भी कीमती खूबियां होती हैं। यह पौष्टिक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन ए और एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को जबरदस्त ढंग से बढ़ाते हैं। यह आंखों के लिए फायदेमंद है। शरीर के बढ़े कोलेस्ट्रॉल को कम करता है, लाल रक्त कोशिकाओं को बनाने और आयरन को अवशोषित करने में मददगार होता है। इस तरह काला सेब, हृदय के स्वास्थ्य के लिए बेहद शानदार माना जाता है। इसमें आयरन, विटामिन-बी12 के साथ भरपूर मात्रा में राइबोफ्लेविन भी पाया जाता है।

**काले अंगूर :** वैसे तो हरे अंगूर भी स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद हैं, लेकिन काले अंगूर का तो कहना ही क्या! इसमें कई तरह की खूबियां पाई जाती हैं। काले अंगूर दिल की बीमारियों के लिए फायदेमंद होते हैं। फेफड़े के कैंसर को रोकने में मददगार होते हैं। अल्जाइमर यानी याद्दाश्त गड़बड़ होने की बीमारी को रोकते हैं। काले अंगूर के सेवन से कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में रहता है।

**काले जामुन :** शायद ही कोई ऐसा शख्स हो, जिसे काले जामुन खाना पसंद ना हो। बेहद स्वादिष्ट काले जामुन का हर हिस्सा भरपूर पौष्टिक होता है। इसकी गुठली बेर की तरह सख्त और ऊपर गुठली में लगा गूदा नरम और रसीला होता है। पेट के मरीजों के लिए जहां जामुन बहुत फायदेमंद होता है, वहीं डायबिटीज के मरीजों के लिए तो यह रामबाण है। जामुन ऐसा फल है, जिसका हर हिस्सा पौष्टिकता से भरपूर है। चाहे इसका गूदा हो, चाहे इसका रस हो या चाहे इसकी गुठली ही क्यों ना हो। इसलिए काले जामुन को डिवाइन फ्रूट यानी दैवीय फल भी कहा जाता है।

**ब्लैकबेरीः** भले खरीदने में ब्लैकबेरी बहुत महंगी हो, लेकिन इसकी कीमत को इसकी पौष्टिकता से आंकें तो यह ज्यादा नहीं लगेगी। ब्लैकबेरी में विटामिन-सी, विटामिन-ए, विटामिन-ई, विटामिन के और फाइबर भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। यह भी टाइप-2 डायबिटीज और दिल के रोगियों के लिए किसी रामबाण से कम नहीं। इसे खाने से स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर का खतरा कम होता है। ब्लैकबेरी कमाल का सुपर फ्रूट है।

**काले शहतूत :** काले शहतूतों में पैक्टिन नामक एक फाइबर पाया जाता है। यह फाइबर आंतों से स्टूल को आसानी से गुजरने में मदद करता है। मतलब यह कि शहतूत पाचन को दुरुस्त करता है। यह कब्ज, सूजन और पेट की ऐंठन से छुटकारा दिलाता है। काले शहतूत में विटामिन-ए, विटामिन-ई, पोटैशियम, फास्फोरस भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जिससे यह त्वचा के लिए बहुत अच्छा होता है। इसे नियमित खाने से त्वचा के दाग-धब्बे और खुरदुरापन दूर हो जाता है। *

**आमंत्रित हैं लेख...**

स्वयं डॉक्टर्स या लेखक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से बातचीत पर आधारित लेख हमें इस पृष्ठ में प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं। लेख इस पते पर भेजें

हरिभूमि- संपादक-सेहत

129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035
या मेल करें- **sehatharibhoomi@gmail.com**

## खबर संक्षेप

### महम में कांग्रेस की जन आक्रोश रैली 17 को

**महम।** नई अनाज मंडी में रविवार 17 मार्च को जन आक्रोश रैली आयोजित की जाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा रैली को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी करेंगे। जिला परिषद् के पूर्व वाइस चेयरमैन बलराम दांगी रैली के आयोजक हैं।

### डॉ. प्रीति रानी कंप्यूटर विभागाध्यक्ष मनोनीत

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने डॉ. प्रीति रानी को कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन्ज विभाग की अध्यक्ष मनोनीत किया है। कुलसचिव प्रो. गुलशन तनेजा ने बताया कि बतौर विभागाध्यक्ष डॉ. रानी की नियुक्ति 15 मार्च 2024 से तीन वर्ष हेतु की गई है।

### पॉवर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के चुनाव संपन्न

**रोहतक।** ऑल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन की तीन सब यूनिट के त्रिवर्षीय चुनाव सर्वसम्मति से हुआ है। यूनिट दो के - मुकेश हुड्डा, उपप्रधान रविंद्र दूहन, सचिव राजकुमार सैनी, सहसचिव नवीन राठी, खजांची फूलकुमार बल्हरा, संगठन सचिवनीरज तथा सुनील, प्रधान एम एंड पी भोलाराम शर्मा, सचिव राजेश, खजांची नरेश, चीफ आडिटर यूनिट प्रधान राजपाल जाखड़, उप प्रधान अनिल चोपड़ा, सचिव रोहन, सहसचिव हेमन्त, खजांची सचिन, संगठन प्रवीन कुमारी को चुना गया।

### एक दिवसीय जागरुकता शिविर का आयोजन

**रोहतक।** जिला एमएसएमई केंद्र द्वारा एमएसएमई डीआई, भिवानी और एमएसएमई टूल सेंटर के सहयोग से वैश्य तकनीकी संस्थान (वीटीआई) में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सहायक निदेशक रचना त्रिपाठी, राहुल, रोहतक व आरटीके से उमेश ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। छात्रों को पीएमईजीपी योजना, पीएमएफएमई योजना और विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया।

### मदवि ने टेक सोसायटी गठित की

**रोहतक।** मदवि में एमडीयू टेक सोसायटी की स्थापना के लिए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने डीन एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की है। निदेशक डिजिटल लर्निंग सेंटर प्रो. नसीब सिंह गिल ने बताया कि डीन एकेडमिक एफेयर्स इस कमेटी के चेयरमैन हैं।

निदेशक डीएलसी प्रो. नसीब सिंह गिल, डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, एसोसिएट डीन, कालेज डेवलपमेंट काउंसिल प्रो. सुमित गिल, प्रोफेसर इंचार्ज यूसीसी प्रो. प्रदीप अहलावत, निदेशक यूआईईटी प्रो. युद्धवीर तथा निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी को इस कमेटी का सदस्य बनाया गया है।

### रैली से छात्रों को मतदान का महत्व समझाया

**रोहतक।** मदवि की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा वीरवार को मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक तथा पोस्टर मेकिंग एवं निबंध लेखन इत्यादि गतिविधियों के द्वारा मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. जितेन्द्र राठी, डा. विपिन सैनी, डा. अंजु पंवार तथा डा. सपना शर्मा की अगुवाई में सभी इकाईयों के वालंटियर्स ने नुक्कड़ नाटक द्वारा एमडीयू परिसर में विद्यार्थियों को मतदान के लिए प्रेरित किया।

### बाइक चोरी की वारदात में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने डीएलएफ कॉलोनी से हुई बाइक चोरी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। रिमांड अवधि समाप्त होने पर आरोपियों को कोर्ट में पेश जेल भेजा गया है। आर्य नगर थाना प्रभारी रविन्द्र ने बताया कि वरुण की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई।

## ऋषिकुल स्कूल में क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

# कड़े मुकाबले में एक रन से हारी आयुष गन्नौर योद्धा की टीम

### विजेता व उपविजेता टीम को सीएमओ ने ट्राफी भेंट कर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सोनीपत ऋषिकुल स्कूल में स्वास्थ्य विभाग व वर्मा पैथालाजी लैब के संयुक्त तत्वाधान में 8 मार्च से शुरू हुई क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में स्वास्थ्य विभाग की 8 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच सोनीपत सामान्य अस्पताल व आयुष गन्नौर योद्धा की टीमों के बीच हुआ। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए सोनीपत सामान्य अस्पताल की टीम ने 104 रन बनाए। इसके जवाब में उतरी सोनीपत सामान्य अस्पताल की टीम ने भी 104 रन बनाए। जिस वजह से दोनों टीमों के बीच टाई हो गया। इसके बाद निर्णायक सूपर आवर खेला गया। जिसमें 1 आवर में आयुष गन्नौर योद्धा की टीम ने 10 रन बनाए। इसके जवाब में सोनीपत सामान्य अस्पताल की टीम ने 11 रन बना कर टूनार्मेंट अपने नाम की। प्रतियोगिता की विजेता व उपविजेता टीम को सीएमओ डा. जयकिशोर ने ट्राफी भेंट कर सम्मानित किया। सोनीपत सामान्य अस्पताल की टीम के नरेश तोमर को मैन आफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। जबकि उपविजेता टीम के कप्तान डा. पुनीत गांधी व उप कप्तान डा. गौरव को भी बेहतरीन प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया।

उप विजेता रही आयुष गन्नौर योद्धा की टीम ने अपनी ट्राफी गन्नौर उपमंडल अस्पताल की सीएमओ डा. टीना आनंद को समर्पित की। सीएमओ डा. टीना आनंद ने उप विजेता टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी और आगामी प्रतियोगिताओं में और बेहतरीन प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी।


**गन्नौर।** उप विजेता रही आयुष गन्नौर योद्धा की टीम अपनी ट्राफी एसएमओ डा. टीना आनंद को सौंपते हुए। *फोटो :हरिभूमि*



**सोनीपत।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में पदक जीतने के बाद टीम के साथ साउथ पॉइंट कॉलेज ऑफ लॉ का अनकेत तोमर। *फोटो :हरिभूमि*

# अनकेत तोमर ने जीता रजत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों में साउथ पॉइंट कॉलेज ऑफ लॉ के बीए एलएलबी 8वें सेमेस्टर के छात्र अनकेत तोमर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल पर निशाना साधा। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने पदक विजेता को जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि संस्थान में पहुंचने पर पदक विजेता का जोरदार स्वागत किया जाएगा साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि चौथी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन 18 से 29 फरवरी तक असम गुवाहाटी में किया गया था। जिसमें अनकेत तोमर ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टीम में सिल्वर पर निशाना साधा। अनकेत के पदक जीतने पर संस्थान में खुशी का माहौल है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में प्रतियोगिता करने के लिए प्रेरित किया। साउथ पॉइंट ग्रुप के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने भी पदक विजेता को बधाई दी।


**गोहाना।** मिठाई बांटते कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

# नायब सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर बांटी मिठाई

### ढोल की थाप पर जमकर नाचे भाजपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सैनी के हरियाणा प्रदेश का सीएम बनने पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। इस खुशी में पार्टी कार्यकर्ता ढोल की थाप पर जमकर नाचे।

नायब सैनी के सीएम बनने पर भाजपा जिला महामंत्री परमवीर सैनी और भाजपा गोहाना मंडल अध्यक्ष सुमित कक्कड़ के कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन दोनों कार्यक्रमों में भाजपा नेताओं और कार्यकताअरं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई और लोगों में बांटी। परमवीर सैनी ने कहा कि भाजपा ने सभी वर्ग के लोगों का ख्याल रखते हुए प्रदेश का चहुंमुखी विकास करवाया गया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र आर्य और अरुण बड़ौक ने कहा की भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें हर कार्यकर्ता को पूरा मान-सम्मान दिया जाता है।

#### ये रहे मौजूद

जय देव देशवाल, सूरजमल शर्मा, डा. रमेश कश्यप, जगबीर जैन, शेर सिंह बेडवाल सुनीता, रीना शर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विजुअल साइंस क्विज में विनिशा माही-नितिज्ञा की टीम रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम कन्या महाविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के तत्वावधान में आयोजित विजुअल साइंस क्विज में विनिशा-माही-नितिज्ञा की टीम ने बाजी मारी। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी व प्राचार्य डॉ. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई दी। जैव प्रौद्योगिकी विभाग के संयोजन में आयोजित प्रश्नोत्तरी का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. मंजुला स्पाह ने दीप प्रज्वलित करते किया। अंत में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली विनिशा-माही-नितिज्ञा की टीम को प्रथम, हीना-दिशा-अंशिका को द्वितीय और अन्नु-नैंसी-हिमानी को तृतीय पुरस्कार से सुशोभित किया गया। प्रश्नोत्तरी के समापन पर विजेताओं को प्राचार्य ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। आयोजन में जैव प्रौद्योगिकी की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रगति सहित प्राध्यापिकाओं डॉ. सविता व कुसुमलता ने योगदान दिया।


**सोनीपत।** प्रतिभागी छात्राओं के साथ अध्यापकगण। *फोटो :हरिभूमि*

### जलघर और तालाबों को भरवाएं अधिकारी : नारा

**रोहतक।** सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता बिजेंद्र सिंह नारा ने बताया कि इस समय भालौठ सब ब्रांच में पानी चलाया जा रहा है। इस ब्रांच के एरिया में जितने भी जलघर और पशुओं के तालाब हैं, उन्हें अधिकारी भरवाएं। क्योंकि अब गर्मी का मौसम शुरू होने वाला है।नहरी पानी की दिक्कत जन स्वास्थ्य विभाग और पशुपालकों के सामने ना खड़ी हो। इसलिए सिंचाई विभाग के अफसर ये सुनिश्चित करें कि सभी जलघर और तालाब नहरी पानी से भरे होने चाहिए। ध्यान रहे कि रोहतक शहर में बीते आठ दस साल से गर्मी ही नहीं बल्कि सर्दी के मौसम में भी पीने के पानी के लिए हाहाकार मचना आम बात है। बीते सालों में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिक विभाग नहरी पानी की स्टोरेज जरूरत के मुताबिक हो, जलघरों का निर्माण नहीं करवा पाया है। भालौठ और जवाहर लाल कैनाल में पानी की आपूर्ति बंद होते ही शहर में एक समय से पानी की आपूर्ति दी जाती है।

# करियर के प्रति किया जागरुक

- छोटूराम आर्य महाविद्यालय में कार्यशाला का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

छोटूराम आर्य महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा एक एक्सटैंशन लैक्चर का आयोजन करवाया गया, जिसका विषय प्रतिस्पर्धी युग में रणनीति करियर की शुरूआत था। विद्यार्थियों को बिजनेस समझ उत्पन्न कर स्टार्टअप करने की रणनीति से अवगत करवाया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर स्किल एवं मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. राजन मक्कड़ शामिल हुए। रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अमित मलिक व संजय अरोड़ा ने शिरकत की। वाणिज्य विभाग के डा. राजरूप चहल ने अतिथियों को पौधे भेंट किए। संस्था के प्रधान सुरेंद्र दहिया व महाविद्यालय के प्राचार्य डा. नरेंद्र सिंह ने आयोजन को सराहा। लेक्चर की कोर्डिनेटर डा. ललिता नंदवानी रहीं तथा स्टेज एंकर की भूमिका प्रो. नीरा ने निभाई। डा. सुशीला, डा. अंजु , डा. अजीत व डा. सीमा ढोंचक ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


**सोनीपत।** सीआरए कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान अतिथिगण।


**खरखौदा।** सोनिया अग्रवाल को नियुक्ति पत्र सौंपते जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा।

### सोनिया भाजपा जिला प्रवक्ता नियुक्त

**खरखौदा।** पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आदेश पर भाजपा नेत्री एडवोकेट सोनिया अग्रवाल को जिला प्रवक्ता नियुक्त किया है। जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले एडवोकेट सोनिया अग्रवाल महिला आयोग की सदस्य रह चुकी है। जिन्होंने काफी सक्रिय भूमिका निभाकर महिलाओं के उत्थान व परिवारों को बसाने का काम किया है। इसके बाद उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना में संयोजक के रूप में कार्य किया है। कुछ समय पहले उन्हें हरियाणा पावर जेनरेशन कॉरपोरेशन में निदेशक का दायित्व सौंपा गया है। अब उन्हें भाजपा जिला प्रवक्ता की कमान सौंपी गई है।

# सिलाई प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

- मशीन, कपड़ा, सुई, धागे व अन्य जरूरी सामान उपलब्ध करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली में बुधवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ व अजीत इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड सैदपुर के संयुक्त तत्वाधान में कौशल विकास केंद्र के अंतर्गत सिलाई प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या किरण सरोहा तथा अजीत इंडस्ट्रीज से कुलवर्धन व्यास द्वारा किया गया। अजीत इंडस्ट्रीज के द्वारा महाविद्यालय में सिलाई से संबंधित सिलाई मशीन, कपड़ा, सुई, धागे व अन्य सभी जरूरी सामान उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम में सिलाई प्रशिक्षक के रूप में कन्या महाविद्यालय से शालू को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलवर्धन ने कहा कि ऐसे अवसर बार-बार नहीं मिलते। महाविद्यालय में उपलब्ध सिलाई मशीनों से छात्राएं लाभ उठा सकती हैं। प्रशिक्षक से डिजाइन ,सिलाई आदि प्रशिक्षण प्राप्त कर भविष्य में इस हुनर को रोजगार के रूप में अपना सकती हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय की रोड सेफ्टी क्लब की तरफ से डॉ योगेश, महिला प्रकोष्ठ की तरफ से डॉ कीर्ति खत्री , नीरा, डॉ बीना रानी तथा सुधीर आदि सदस्य मौजूद रहे।


**खरखौदा।** सिलाई प्रशिक्षण कार्यशाला कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व छात्राएं।


**खरखौदा।** कार्यकर्ताओं से चर्चा करते पूर्व सांसद राजकुमार सैनी।

### जातिगत जनगणना के आधार पर मिले नौकरियां

**खरखौदा।** शहर के वार्ड संख्या 15 की सैनी चौपाल में पूर्व सांसद राजकुमार सैनी ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भाजपा सरकार ने ओबीसी सीएम बना कर लोगों की आंखों में धूल झोंकने और राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम किया है। इसको लोग भली भांति समझते हैं। उन्होंने हमेशा ही ओबीसी व एसबीसी समाज की आवाज उठाई है कि उन्हें जातिगत जनगणना के आधार पर नौकरियां राजनीति में हिस्सा मिले। अब भाजपा ने जो ओबीसी समाज के व्यक्ति को पहले प्रदेश अध्यक्ष बनाने का कार्य किया लेकिन जब उन्हें लगा कि प्रदेश अध्यक्ष बनाने से वोट नहीं आएंगे तो उन्होंने सीएम बनाकर वोट लेने की कोशिश की है। उन्होंने इस तरह की संभावनाओं को 2 महीने पहले ही लोगों के सामने उजागर कर दिया था। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मिले हैं। बातचीत के बाद उन्होंने संकेत दिया कि बहुत जल्द ही हरियाणा में कांग्रेस पार्टी भी ओबीसी समाज को अधिक महत्व देते हुए ओबीसी समाज के उम्मीदवार का ऐलान करेगी। इसके बाद भाजपा की यह रणनीति भी फेल हो जाएगी।

## तीन वार्डों में शुरू किए 5.20 करोड़ के विकास कार्य

# गलियां होंगी पक्की, बिछाई जाएगी सीवर लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मेयर निखिल मदान ने बुधवार को निगम क्षेत्र के तीन वार्डों में लगभग 5 करोड़ 20 लाख रुपये से किए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। स्थानीय लोगों ने मेयर का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया और विकास कार्य शुरू कराने के लिए आभार जताया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि वार्ड 18 के सेक्टर-23 में लगभग 2 करोड़ रुपये से सभी पार्कों में सौंदर्यकरण, मरम्मत और ओपन जिम लगाने के कार्य का शुभारंभ किया।

इसके उपरांत मेयर निखिल मदान ने वार्ड नंबर 9 के निवासियों को 2 करोड़ 98 लाख रुपये से होने वाले विकास कार्यों की सौगात दी। मेयर ने बताया कि बंदेपुर गांव में 1 करोड़ 25 लाख रुपये से गलियां पक्की की जाएंगी। साथ ही कुछ गलियों में सीवर लाइन बिछाई जाएगी। पटेल नगर में 1 करोड़ 40 लाख रुपये से गलियां पक्की होंगी। राठधना गांव में 33 लाख रुपये से पड़ंगा पाना में बनी सामान्य चौपाल का पुनर्निर्माण किया जाएगा। साथ ही वार्ड नं. 4 में दिल्ली रोड पर सिक्का कॉलोनी पुलिस चौकी के साथ बने पार्क का भी कायाकल्प किया जायेगा। मेयर निखिल मदान ने पार्षद बबिता कौशिक के साथ मिलकर 23 लाख रुपये से पार्क की मरम्मत और सौंदर्यकरण कार्य का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा, त्रिभुवन कौशिक, कप्तान सिंह पंवार, राजेश मलिक, गौरव कौशिक, सतबीर दहिया, राजेश दहिया, अतर सिंह, सतबीर हुड्डा, सतपाल कौशिक, राकेश कौशिक, महेंद्र दहिया, रोशन लाल कौशिक, सुखबीर राणा, राम निवास शर्मा, जोगिंद्र, मनोज दहिया, रघबीर सिंह, अमित सरोहा, देवेंद्र भी मौजूद रहे।


**सोनीपत।** विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए मेयर निखिल मदान साथ में अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

### भाजपा-जजपा गठबंधन टूटना सियासी ड्रामा :संजय



**सोनीपत।** जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने भाजपा-जजपा गठबंधन टूटने को सियासी ड्रामा करार दिया है। वे बुधवार को जनसंपर्क अभियान के तहत विभिन्न गांवों का दौरा करते हुए ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। संजय बड़वासनिया ने कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल थी। अपनी विफलता छिपाने के लिये ही यह गठबंधन तोड़ने का ड्रामा किया गया है। जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिये मुख्यमंत्री बदला गया है। प्रदेश की जनता अब इस बहकावे में नहीं आएगी और आने वाले समय में कांग्रेस को वोट देते हुए भाजपा से बदला लेगी।

**ग्राम पंचायत जौली, खण्ड गोहाना जिला सोनीपत (हरियाणा)**

ग्राम पंचायत जौली में पुलिया निर्माण, गली निर्माण, गली क्रासिंग, जाल व अन्य गली निर्माण कार्यों के लिए मिस्त्री व मजदूर की आवश्यकता है। अतः कार्य करवाने के लिए कोई भी इच्छुक, मजदूर, मिस्त्री, ठेकेदार 3 दिन के अन्दर-अन्दर सील बंद कुटेशन प्रशासक ग्राम पंचायत जौली एवं खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी गोहाना के नाम देवे।

**प्रशासक, ग्राम पंचायत जौली,
एवं खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी,
गोहाना**

**खबर संक्षेप**



## विजेंद्र सिंह प्रधान, श्याम सुंदर बने महासचिव

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम सत एम्पलाइज वॉलपेपर यूनियन का वार्षिक चुनाव बुधवार को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला सोनीपत के प्रधान देशराज, सचिव सुनील दत्त तथा राज्य कमेटी सदस्य विजेंद्र चहल की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान सर्वसम्मति से विजेंद्र सिंह को प्रधान, श्याम सुंदर को महासचिव, हरबंस को वरिष्ठ उप प्रधान, विनीत को कैशियर, विनोद शर्मा तथा संजय सैनी को सचिव, राजेश शर्मा तथा नवीन सहरावत को उप प्रधान, सत्यवान मलिक तथा जसवीर सिंह को संगठन सचिव, रविंद्र शर्मा तथा दिनेश कुमार को प्रचार सचिव चुना गया।

## फ्लोर मिल कर्मी से रुपये व मोबाइल लूटा

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के चाकू की नोक पर फ्लोर मिल कर्मी से हजारों रुपये की राशि व मोबाइल फोन लूटने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। अलौली बिहार हाल में झुंडपुर निवासी ललित पटेल ने बताया कि वह अपनी बाइक पर सवार होकर खेवड़ा से होते हुए झुंडपुर जा रहा था। चाकू का भय दिखाकर उसकी बजे से दस हजार रुपये की राशि व मोबाइल फोन निकाल लिया। पुलिस ने इस संबंध में इस संबंध में बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।


### बोर्ड सचिव के उड़नदस्ते ने बजाना खुर्द में पकड़े नकलची

# बजाना खुर्द के स्कूल में 12वीं राजनीति विज्ञान की परीक्षा में 4 मुन्नाभाई मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने राजनीति विज्ञान विषय की परीक्षा दी। नकल पर अंकुश लगाने के लिए बोर्ड सचिव के उड़नदस्ते से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान गन्नौर के गांव बजाना खुर्द स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र में चार विद्यार्थियों को नकल करते पकड़ा। सभी के यूएमसी बनाए गए।

बता दें कि बोर्ड परीक्षा को लेकर जिले में बनाए गए 84 परीक्षा केंद्रों पर संचालित की जा रही परीक्षा को नकल रहित संचालित करने के लिए व्यापक कदम उठाए गए हैं। बाहरी हस्तक्षेप पर रोक लगाने के लिए पुलिस कर्मी भी दौड़ लगाते नजर आए। इसके बावजूद कुछ परीक्षा केंद्रों पर जमकर नकल चली। बोर्ड सचिव के उड़नदस्ता ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसमें गन्नौर खंड के बजाना खुद स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के परीक्षा केंद्र पर अनुचित साधन के चार केस दर्ज किए गए। जबकि अन्य परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई।



**कोताही बरतने वालों के खिलाफ उठाए जा रहे कदम**

जिले में नकल रहित परीक्षा संचालित करने के लिए व्यापक कदम उठाए गए हैं। सभी केंद्र अधीक्षकों व सुपरवाइजर को भी अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी से देने के लिए कहा है। कोताही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

-**नवीन गुलिया**, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत।


## दिव्यांग विद्यार्थियों को मॉडल संस्कृति स्कूलों में मिलेगी नि:शुल्क शिक्षा

**सोनीपत।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने निर्देश जारी कर हुए राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूलों में दिव्यांग विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा की सुविधा प्रदान की है। शिक्षा ग्रहण करने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों को अब फीस में छूट दी जाएगी। इसके लिए उन्हें अपना दिव्यांगता प्रमाणपत्र जमा करवाना होगा। राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूलों के मुखियाओं को निर्देश दिए गए हैं कि दिव्यांग विद्यार्थियों से फीस ना वसूली जाए। निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि छह से 18 साल तक के दिव्यांग विद्यार्थियों की शिक्षा मुफ्त है। इसलिए निर्धारित नियमों के मुताबिक दिव्यांग विद्यार्थियों से किसी भी तरह की फीस नहीं ली जाएगी।

निर्देशों में कहा है कि शिक्षा नियमावली के अनुसार छह से 18 वर्ष तक की आयु के दिव्यांग विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा का अधिकार है। जिसे देखते हुए निर्देश जारी किए गए हैं राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में पढ़ने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों से कोई शुल्क ना लिया जाए। विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के जिला शिक्षा अधिकारियों, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों व जिला परियोजना संयोजकों को निर्देश जारी किए हैं। जिसमें सभी राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल प्रमुखों को यह सुनिश्चित करना होगा कि राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूलों में पढ़ने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों से किसी प्रकार का शुल्क न लिया जाए। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने बताया कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूलों में पढ़ने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार की फीस वसूल न करने के निर्देश जारी किए हैं। इस बारे में सभी संबंधित स्कूलों को अवगत करा दिया है।




### पिल्लो के राज से हट सकता है पर्दा



लघु सचिवालय की एक महिला अधिकारी के घर आए गोल्डन रिटीवर नस्ल के दो पिल्लों का राज खुलने वाला है। सुनने में आया है कि रंग लगाकर जिन पिल्लों का गृह प्रवेश करवाया गया था, उन पिल्लो को गिफ्ट करने वाले व्यक्ति के घर मैडम खुद गृह प्रवेश करने वाली है। गिफ्ट करने वाले भी मैडम के समकक्ष है। इस खुशी में पॉलीथिन में मिठाई के डिब्बे भी बंटवाए गए हैं।

### ...और नेताजी ने बंटवा दिए लड्डू



चंडीगढ़ में हुए उठा-पठक के बीच हमारे एक नेता जो रेत का कारोबार छोड़ चुके हैं, वो सोनीपत में काफी चर्चा जुटा गए। नए मुख्यमंत्री के साथ उनका नाम भी नए मंत्री के तौर पर फैला दिया गया। जिसके बाद नेताजी के घर के बाहर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई थी। एक पड़ोसी नेता ने बताया कि नेताजी ने अपने घर पर लड्डू भी बंटवा दिए थे।

### नेताओं को चंडीगढ़ बुलावा



सरकार के गिरने और फिर बनने के घटनाक्रम के बीच सोनीपत से चुनिंदा नेताओं को भी चंडीगढ़ का बुलावा मिला है। उम्मीद जताई जा रही है कि इनमें से एक-आध को संगठन स्तर पर बड़ा पद मिल सकता है। इसमें भी एक युवा नेता का नाम सबसे आगे है, जिसके चलते युवा नेता की लोकसभा की दावेदारी में फर्क पड़ सकता है।

## एथलेटिक्स में तमन्ना ने जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

22 वां नेशनल फेडरेशन एथलेटिक्स कप अंडर 20 लखनऊ में आयोजित किया गया। जिसमें प्रताप स्कूल खरखौदा की तमन्ना ने शॉटपुट में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश, जिला व अपने स्कूल का नाम रोशन किया।

स्वर्ण पदक जीतने पर तमन्ना का चयन अगस्त 2024 में होने वाली वर्ल्ड जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए चयन हुआ है।एथलेटिक्स कोच रमेश कुमार ने बताया कि तमन्ना इससे पहले 4 बार नेशनल लेवल व 6 बार स्टेट लेवल पर पदक जीतकर प्रदेश व अपने विद्यालय का नाम रोशन कर चुकी है। तमन्ना ने अभी खेलो इंडिया यूथ गेमस में भी पदक प्राप्त किया था। तमन्ना का विद्यालय प्रांगण में द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया खेल निदेशक प्रताप स्कूल, संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया व एथलेटिक्स कोच रमेश कुमार ने स्वागत किया।




**गोहाना।** धूम्रपान निषेध दिवस पर धूम्रपान न करने की शपथ दिलाते हुए दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

## नालंदा स्कूल के 4 बच्चों ने जीते स्वर्ण पदक

- साइंस ओलिम्पियाड में अथर्व, शिवम, हर्षिका तथा इंकाशी ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना-जींद मार्ग पर स्थित नालंदा वर्ल्ड स्कूल के चार बच्चों ने साइंस ओलिम्पियाड में स्वर्ण पदक प्राप्त किए। चारों पदक विजेता बच्चों को बुधवार को स्कूल में निदेशक रीना मलिक ने समारोह पूर्वक सम्मानित किया।

स्कूल की प्राचार्या अनुपमा चौधरी के अनुसार साइंस ओलिम्पियाड में नालंदा वर्ल्ड स्कूल के जिन चार बच्चों ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए, वे कक्षा एक से अथर्व, कक्षा तीन से शिवम और हर्षिका तथा कक्षा चार से इंकाशी हैं। स्वर्ण पदक विजेता बच्चों को उनके पदकों और प्रशस्ति पत्रों के साथ सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि स्कूल की निदेशक रीना मलिक थीं। उन्होंने विजेताओं को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।



**गोहाना।** पदक विजेता विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## हर प्रकार से धूम्रपान हानिकारक : समुंद्र दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

मेन बाजार गोहाना स्थित सेंट्रल मार्केट में धूम्रपान निषेध दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में दुकानदारों ने लोगों को धूम्रपान न करने की शपथ दिलाई। मार्केट के दुकानदारों ने कहा कि वे मार्केट में आने वाले लोगों से धूम्रपान छोड़ने की अपील भी करेंगे। समारोह की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की।

मुख्य वक्ता अध्यात्म में पीएचडी डॉ. समुंद्र दास महाराज ने कहा दुनिया भर में धूम्रपान के कारण हर साल 70 लाख से ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में होने वाली मौतों में से हर पांच में से एक पुरुष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। धूम्रपान वास्तव में एक ऐसा धीमा जहर है जो हमारे शरीर में धीरे-धीरे प्राण घातक रोगों को जन्म देता है। धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण 50 करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति धूम्रपान की लत छोड़ता है तो वे उसे अपनी तरफ से 5 किलो देसी घी देने के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम में नरेश पांचाल, सीताराम कश्यप, संदीप बब्बर, वेद रोहिल्ला, रवि शिवदास, कृष्ण मल्होत्रा,अंकुर मलिक, सोनू कक्कड़, रमेश टुटेजा, मुकेश हंस, लक्ष्मण सैनी और सुरेश फौजी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



**खरखौदा।** पदक विजेता खिलाड़ी का स्वागत करते स्कूल प्रबंधन। फोटो : हरिभूमि

## मतदान पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता



**खरखौदा।** बुधवार को कन्या महाविद्यालय में मतदान पर वाद-विवाद प्रतियोगिता कराई गई। इस प्रतियोगिता में छात्रा रिया ने इसके पक्ष में बोलते हुए कहा कि भारत देश में सभी नागरिकों को मतदान करने का अधिकार प्राप्त है। मतदान का अधिकार प्राप्त होने के बावजूद मतदान के दिन काफी संख्या में मतदाता मतदान में करके अपने घरों में बैठे रहते हैं। जबकि लोकतंत्र की नीव मताधिकार पर टिकी होती है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए बेल्जियम, अर्जेंटीना की तरह भारत में भी अनिवार्य मतदान का कानून बनाना चाहिए। जिसके तहत मतदान न करने वाले नागरिकों पर कानून कार्यवाही की जानी चाहिए। इसके विपक्ष में बोलते हुए छात्रा साक्षी ने कहा कि यह लोकतंत्र में प्रदत्त स्वतंत्रता के अधिकार के अनुरूप नहीं है। साथ ही सीमित वित्तीय व्यवस्था वाले देशों को यह कानून बनाए रखने के लिए अतिरिक्त धन वहन करना होगा। नोडल अधिकारी डॉ पूनम यादव ने फार्म 6 के बारे में विस्तार से बताते हुए ऑनलाइन व ऑफलाइन वोट बनाने की प्रक्रिया के बारे में छात्राओं को समझाया। इस पर मौके पर डॉ सुषमा,सुमित मौजूद रहे।

## नायब सैनी को सीएम की कमान सौंपा जाना कमेरे वर्ग का सम्मान : खोखर



**खरखौदा।** भाजपा की तरफ से नए मुख्यमंत्री को प्रदेश की कमान सौंपे जाने पर भाजपा नेता प्रीतम खोखर ने कहा कि नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर एक बार फिर से भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा यह साफ कर दिया गया है कि यह एकमात्र पार्टी है, जिसमें गरीब व छोटा कार्यकर्ता भी शीर्ष पद पर बैठ सकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नौ वर्ष तक प्रदेश की कमान बेहतर तरीके से संभाली और प्रदेश के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़े । वहीं मंगलवार को एक उल्टफेर के साथ भाजपा ने नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर यह दशार्या कि भाजपा में हर वर्ग के लिए समाज सोच और समान सम्मान है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और विश्वास के साथ आगे बढ़ने का काम करेगी और मुख्यमंत्री नायब सैनी की अगुवाई में विकास के पथ पर प्रदेश और आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री गुलशन ठेकेदार, लक्ष्मीदत्त व पार्षद श्याम लाल सैनी मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### इंडियाज टेकेड : चिप्स फॉर विकसित भारत संबोधन का प्रसारण दिखाया

# देश शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ रहा आगे : प्रो. सुदेश



**गोहाना।** प्रसारण देखते हुए शिक्षक और छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

- लाइव प्रसारण को राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेविकाओं सहित 500 छात्राओं ने देखा।
- विकसित भारत के सपने को पूरा करने में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बीपीएस महिला विश्वविद्यालय में यूजीसी के निदेर्शानुसार पीएम नरेंद्र मोदी के इंडियाज टेकेड : चिप्स फॉर विकसित भारत संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया।

कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में देश शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने छात्राओं को इस कायम से प्रेरणा लेकर पीएम के विकसित भारत के सपने को पूरा करने में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीन, छात्र कल्याण प्रो. श्वेता हुड्डा ने की। इस लाइव प्रसारण को राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेविकाओं सहित लगभग 500 छात्राओं ने देखा। इस अवसर पर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय के डीन प्रो विजय नेहरा, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्ष डॉ प्रियंका, शिक्षा विभाग की अध्यक्ष डॉ अनु बल्हारा, एन.एस.एस. कोऑर्डिनेटर डॉ सुषमा जोशी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सब-जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीते स्वर्ण पदक



**सोनीपत।** भिवानी में 8 मार्च से 11 मार्च तक द्वितीय सब जूनियर हरियाणा राज्य बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग अकादमी के अनमोल दहिया ने 64 किलो भारवर्ग में व सिद्धान्त लठवाल ने 61 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर रनर-अप ट्रॉफी अपने नाम की। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य से 400 से अधिक बॉक्सरों ने भाग लिया, जिसमें 64 किलो भारवर्ग में अनमोल दहिया ने स्वर्ण पदक जीता। 61 किलों भारवर्ग में सिद्धान्त लठवाल ने स्वर्ण पदक जीता।

इस प्रतियोगिता को जीतकर दोनों ने 18 मार्च से नोएडा में शुरू होने वाली सब जूनियर नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने विजेता बॉक्सरों को प्रोत्साहित किया।

## एचबी की जांच की आयरन की गोलियां दी



**गोहाना।** बरोदा गांव में शिविर में एचबी की जांच करते चिकित्सक।

**गोहाना।** बरोदा गांव में स्थित पीएचसी की टीम इसी गांव में स्थित गवर्नमेंट कॉलेज में पहुंची। इस टीम ने विद्यार्थियों, टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ के एचबी की जांच की। जिन का एचबी कम मिला, उन्हें खून बढ़ाने के लिए गोलियां दी गईं। विशेष शिविर की अध्यक्षता कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल पवन लठवाल ने की। एचबी की जांच 38 लड़कियों और 18 लडकों की हुई। ज्यादातर विद्यार्थियों का एच.बी. नॉर्मल मिला। पी.एच.सी. की टीम ने कॉलेज के टीचिंग के साथ नॉन-टीचिंग कर्मचारियों के एच.बी. की जांच भी की। उप प्राचार्य पवन लठवाल ने कहा कि हमें अपने एच.बी. की जांच समय-समय पर करवाते रहना चाहिए। इससे विभिन्न बीमारियों से सुरक्षित रहा जा सकता है। शिविर के आयोजन में विशेष सहयोग प्राध्यापक अमरीश अत्री और नसीब सिंह का रहा।